रेडीमेड गारमेंट उद्योग में यूपी की धमक होगी: मुख्यमंत्री

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि जल्द ही रेडिमेड गारमेंट उद्योग के क्षेत्र में उत्तर प्रदेश की धमक होगी। अभी दुनिया के छोटे-छोटे देशों की धमक है। जिनके पास संसाधन कम और संभावनाएं न के बराबर हैं, वे आगे बढ़ चुके हैं। हमारे पास संभावना और संसाधन दोनों है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि काम चाहने वाली आधी आबादी के बड़े तबके को रेशम उत्पादन, प्रोसेसिंग, रेडिमेड गारमेंट, डिजाइनिंग, मार्केटिंग, पैकेजिंग के साथ जोड़ लें तो दुनिया में रेडिमेड गारमेंट में धमक बनाने वाले देशों का स्थान उत्तर प्रदेश व भारत ले सकता है। राज्य सरकार द्वारा उठाए गए कदमों का हमें लाभ लेना चाहिए। हमने रेशम उत्पादन को 84 गुना बढ़ाने में सफलता पाई है। एक समय वह जरूर आ सकता है, जब यूपी का किसान रेशम उत्पादन में अग्रणी राज्यों में गिना जाएगा।

मुख्यमंत्री ने मंगलवार को 28 अक्तूबर तक चलने वाले सिल्क एक्सपो का इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में उद्घाटन करने के बाद यह बातें कहीं। उन्होंने रेशम मित्र पत्रिका का विमोचन कर 16 किसानों, उद्यमियों, संस्थाओं, डिजाइनरों को पं. दीनदयाल उपाध्याय रेशम रत्न सम्मान प्रदान किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि सिल्क एक्सपो यूपी की संभावनाएं बढ़ाने का माध्यम बने, इसका प्रयास करना होगा। उत्तर प्रदेश के लखनऊ-हरदोई बार्डर पर पीएम मित्र पार्क (टेक्सटाइल्स पार्क का वृहद रूप) आने जा रहा है। एक हजार एकड़ क्षेत्रफल में इसमें टेक्सटाइल्स से जुड़े अलग-अलग उद्योग लगने जा रहे हैं।

लखनऊ में रेशम ट्रेनिंग सेंटर बनेगा

लखनऊ। एमएसएमई मंत्री राकेश सचान ने सम्मान समारोह में कहा है कि प्रदेश सरकार रेशम उत्पादन बढ़ाने के लिए किसानों के प्रशिक्षण पर खास जोर देगी। इसके लिए लखनऊ में एक रेशम ट्रेनिंग सेंटर खोला जाएगा। उन्होंने कहा कि प्रदेश में सात वर्ष केवल 100 मीट्रिक टन रेशम का उत्पादन होता था अब 400 मीट्रिक टन उत्पादन होने लगा। उन्होंने कहा, टेक्सटाइल पार्क से रेशम उत्पादन को भी बढ़ावा मिलेगा।